हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 6 मई 2025


तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री


12 जिले में प्रारंभ हुआ समाधान सेल





14 सुशासन तिहार : शिविर में मिले 20 हजार आवेदनों...






## खबर संक्षेप

### आकाश एवं प्रियंका का ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल स्पर्धा के लिए चयन





**खरोरा।** आंध्र प्रदेश की नेल्लूर में 4 से 8 मई को आयोजित होने वाली ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में सेंचुरी सीमेंट महाविद्यालय के छात्र आकाश वर्मा एवं प्रियंका गौतम का चयन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की टीम में हुआ है। इस प्रतियोगिता के लिए रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की पुरुष एवं महिला टीम नेल्लूर आंध्र प्रदेश के लिए रवाना हो चुकी है। पुरुष टीम के मैनेजर डॉ. पूर्णेन्द्र वर्मा एवं कोच रेड्डी है।

### अधेड़ से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कारागुला में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में कोमाखान थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी पीतांबर लाल दीवान पिता सीताराम दीवान (48 वर्ष) ग्राम कारागुला ने बताया कि 3 मई को सुबह 10 बजे अपने घर के दरवाजे के पास खड़ा था, तभी इतेश दीवान पिता फूलसिंग दीवान गली से उसे घूरते हुंए गुजरा और कुछ दूर जाकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मारपीट से उसके बांये हाथ का उंगली टूट गई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296,115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# लाइम स्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट का आधा दर्जन ग्राम के लोगों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

समीप ग्राम पचरी, छड़ियां, मंधईपुर, आलेसुर में विकास के नाम पर प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। नलवा सीमेंट द्वारा मंधईपुर में प्रस्तावित लाइमस्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट के कारण स्थानीय पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ने की संभावना है।

इस परियोजना के चलते गांव का वातावरण प्रदूषित होने का खतरा बढ़ गया है, जिससे न केवल प्राकृतिक सौंदर्य में कमी आएगी, बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। ऐसे विकास कार्यों के कारण स्थानीय निवासियों के लिए पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। लगातार भूजल स्तर में गिरावट आ रही है। साथ ही पानी की गुणवत्ता भी बिगड़ रही है। इसके चलते ग्रामीणों को साफ और सुरक्षित पेयजल प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। पेड़–पौधों की अंधाधुंध कटाई से न केवल जैव विविधता को नुकसान होगा, बल्कि यह क्षेत्र की पारिस्थितिकी ▸▸ शेष पेज 12 पर

## विरोध में जनप्रतिनिधि भी आये सामने, कहा पर्यावरण को होगी क्षति

### एक बार विरोध के कारण स्थगित हो चुकी है जनसुनवाई

नलवा सीमेंट की जनसुनवाई पूर्व में 29 नवंबर 2024 को आयोजित की जाने वाली थी, वहीं पचरी सरपंच अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इसका पुरजोर विरोध किया था, जिसके बाद जनसुनवाई को स्थगित कर दिया गया था। इस संदर्भ में पचरी सरपंच व तिल्दा जनपद के सरपंच संघ अध्यक्ष अभिषेक वर्मा ने कहा कि गांव में दस वर्ष पहले लोग रात भर जागकर दूसरे गांव जाकर पानी लाते थे, वहीं इन दस सालों में हमने पानी की व्यवस्था को मजबूत किया है और पानी की समस्या खत्म होने के कगार पर है। अगर नलवा स्थापित होता है तो गांव का वाटरलेवल फिर गिर जाएगा और जैसे आज खरोरा जैसे बड़े नगर में समस्या है वह समस्या गांव में उत्पन होगी उसके साथ ही मुक्तिधाम और तालाब भी नष्ट हो जाएंगे। चंद पैसों के लिए मैं गांव का सौदा नहीं कर सकता और आरबीआई ने अभी तक ऐसा कोई नोट नहीं छापा जो अभिषेक वर्मा को खरीद सके, अपनी पूर्ण क्षमता के साथ नलवा का विरोध किया जायेगा और पत्थर खदान लगने नहीं देंगे।

### पचरी का तालाब, मुक्तिधाम, गौठान चारागाह जमीन पर होगा कब्जा

नलवा द्वारा पचरी पंचायत में प्रोजेक्ट रिपोर्ट सौंपी गई है, उस अनुसार पचरी पंचायत अंतर्गत आने वाले तालाब जिससे सैकड़ों किसानों को निस्तारी का साधन है, वह भी नलवा के कब्जे में आ जाएगा, वहीं मुक्तिधाम जहां सैकड़ों मठ आज भी मौजूद है, वहां नलवा स्थापित होने के बाद गड्ढे दिखाई देंगे, जिससे ग्रामीणों की आस्था जुड़ी हुई है, वहीं पशुओं के चारागाह के लिए जमीन भी आरक्षित है वह भी नलवा के कब्जे में आ जाएगी।

### जवाब देने से किया इनकार

इस संदर्भ में नलवा के खरोरा हेड राजेंद्र चौरसिया को फोन किया गया उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। वहीं नलवा की पीआर हेड पूनम कक्कड़ ने कहा जो भी जानकारी है वह राजेंद्र चौरसिया ही देंगे।

## कार्रवाई : समर्थन मूल्य का धान अधिक पाए जाने पर की गई जब्ती की कार्रवाई

# एकता एग्रो राइस मिल से 372 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के तहत खाद्य विभाग द्वारा एकता राइस मिल की जांच में 372.34 क्विंटल समर्थन मूल्य का धान अधिक पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। जब्तशुदा धान का समर्थन मूल्य 8,65,382 रुपए होना पाया गया। जानकारी के अनुसार विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम खिलोरा में संचालित एकता एग्रो राइस मिल के संचालन के सम्बन्ध में सुशासन तिहार में खाद्य विभाग को शिकायत की गई थी। उक्त शिकायत की जांच खाद्य निरीक्षक द्वारा की गई, जिसमें राइस मिल संचालित करने के लिए ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया गया है एवं मिल संचालित करने खाद्य विभाग से समाबंधित सभी दस्तावेज पाया गया। मौके पर जांच अधिकारी द्वारा मिल में संग्रहित धान और चावल का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें मिल के द्वारा 31805.48 क्विंटल धान का उठाव किया गया जिसमें 6653.66 क्विंटल चावल नान एवं एफसीआई में जमा किया गया।



### भौतिक सत्यापन में मिल संचालक ने नहीं दिया तर्क संगत जवाब

भौतिक सत्यापन के समय चावल 394 क्विंटल एवं धान 21803.18 क्विंटल पायी गई। इस प्रकार भौतिक सत्यापन में 372.34 क्विंटल धान अधिक पाया गया। अधिक पाए गये धान के सम्बन्ध में मिल के मालिक अनंत शर्मा द्वारा कोई तर्कसंगत जवाब नहीं दिया गया, जिसके कारण उक्त धान को उनके कब्जे से जब्त कर आगामी आदेश तक के लिए उनके सुपुर्दगी में दिया गया।

### व्याख्याता के विरुद्ध निलंबन प्रस्ताव व 3 शिक्षकों का बदला कार्य स्थल

**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार में लोगों द्वारा की गई शिकायतों पर विभाग सबंधितों पर कार्रवाई कर रहा है। शिकायत की जांच के आधार पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक व्याख्याता के विरुद्ध निलंबन का प्रस्ताव एवं 3 शिक्षकों के अध्यापन स्थल परिवर्तित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड पलारी अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल खरतोरा में पदस्थ व्याख्याता एलबी प्रतिभा वर्मा लम्बे समय से अनुपस्थित रहने पर उनके विरूद्ध निलंबन का प्रस्ताव प्रेषित किया गया। सुनील कुमार सोनी, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बैकोनी विकासखंड सिमगा को शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला सिमगा, देवेंद्र कुमार वर्मा, शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ओड़ान विकासखंड पलारी को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बैजनाथ खपरी विकासखंड पलारी, निविषा उपाध्याय सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बैकोनी को शासकीय प्राथमिक शाला कचलोन विकासखंड सिमगा में अध्यापन हेतु आदेशित किया गया है। गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोनी ने सुशासन तिहार में प्राप्त शिकायतों पर विधिवत जांच उपरांत सम्बधित पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## पाकिस्तानी नागरिकों को दीर्घकालिक वीजा के लिए करना होगा ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिले में निवासरत समस्त विदेशी पाकिस्तानी नागरिक जो दीर्घ निवास वृध्दि आवेदन पत्र के आधार पर निवासरत हैं, उन्हें तत्काल अपना नवीन आवेदन पत्र पोर्टल के माध्यम से जमा करना होगा। दीर्घकालिक वीजा के लिए पुनः आवेदन 10 मई से पोर्टल पर उपलब्ध होगा और 10 जुलाई तक खुला रहेगा। किसी भी विदेशी पाकिस्तानी नागरिक का दीर्घकालिक वीजा जो उक्त अवधि में फिर से आवेदन करने में विफल रहता है वह रद्द कर दिया जाएगा। इसके माध्यम से जिला में निवासरत समस्त विदेशी पाकिस्तानी नागरिक जो दीर्घ निवास वृध्दि आवेदन पत्र के आधार पर निवासरत हैं, वह तत्काल अपना नवीन आवेदन पत्र उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उसकी एक प्रति पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में प्रस्तुत करना होगा। विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3(1) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं भारत सरकार गृह मंत्रालय विदेशी–01 प्रभाग के आदेश के तहत सभी दीर्घकालिक वीजा धारकों को उनके वीजा के निरीक्षण से छूट दी गई थी। उपरोक्त निर्णय पर सरकार द्वारा विचार किया गया और सरकार ने निर्णय लिया है कि ऐसे सभी ▸▸ शेष पेज 12 पर

- आवेदन 10 मई से पोर्टल पर उपलब्ध, 10 जुलाई तक खुला रहेगा

### जरुरी दास्तावेज

दीर्घकालिक वीजा प्रमाण पत्र की प्रति, नवीनतम फोटो (सफेद पृष्ठभूमि के साथ पासपोर्ट आकार का), नवीनतम पता की प्रमाणित प्रति, व्यवसाय एवं धर्म का विवरण, यदि भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया गया है तो आवेदन पत्र की एक प्रति पोर्टल पर उपलोड करना होगा।




# नगर व अंचल में खुले आम बिक रहा गांजा, प्रशासन मौन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के आखिरी छोर में नगर पालिका सिमगा स्थित है, जहां तीन चार जिलों की सीमाएं लगती हैं। रायपुर, बिलासपुर नेशनल हाईवे भी यही से गुजरता है। ऐसे में सिमगा बहुत ही संवेदनशील क्षेत्र की श्रेणी में आता हैं। क्योंकि सिमगा से गुजरने वाले राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों में कलकत्ता, दिल्ली, मुंबई, जबलपुर जैसे महानगरों के लिए सीधी जुड़ी हुई हैं, इसी वजह से यहां दिन व रात में सभी समय ढ़ाबे खुले रहते हैं। चौबीस घंटों ढाबों में खाना मिलने के साथ ही बैठकर चर्चा करने की अच्छी सुविधा होने के कारण अवैध कारोबारियों के लिए यह महफूज जगह बनी हुई हैं। इसके चलते सिमगा शहर व थाना क्षेत्र में बड़ी मात्रा में अवैध गांजा का कारोबार फलफूल रहा है। इन अवैध गांजा कारोबारियों पर पुलिस प्रशासन या आबकारी विभाग का कोई खौफ नहीं है। मजेदार बात तो यह है कि जिस वार्ड में सिमगा थाना हैं, उसी वार्ड में खुले आम अवैध गांजा की बिक्री हो रही है। साथ ही एसडीएम व तहसील कार्यालय के पीछे तथा धान खरीदी केंद्र सोसायटी के पीछे एकता नगर, वार्ड नंबर 3 में खुले आम गांजा का अवैध व्यापार फल फूल रहा है।

## अवैध गांजा कारोबारियों पर पुलिस या आबकारी विभाग का कोई खौफ नहीं

### सूचना मिलने पर कार्रवाई होगी

मुझे इसकी जानकारी नहीं है। सूचना मिलने पर पुलिस जरूर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि गांजा बेचने के कारोबार में लगे लोगों पर पूर्व में कार्रवाई हुई ह।
-रितेश मिश्रा, थाना प्रभारी, सिमगा



### गश्त के बावजूद चल रहा कारोबार

नेशनल हाईवे रायपुर-बिलासपुर के मध्य बसे गांव दुरचूरा एवं लिमतरा में होल सेल गांजा की बिक्री होती है। इसी वजह से उन स्थानों पर ट्रकों का जमावड़ा भी लगा रहता है। विदित हो कि नेशनल हाईवे सड़क पर पुलिस की हाईवे पेट्रोलिंग गाड़ी के साथ सिमगा थाना की भी गाड़ी गश्त करती रहती है, इसके बावजूद गांजे की बिक्री पर अंकुश न लग पाना पुलिस व आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा करता है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार चार-पांच दिन पूर्व ही गांजा की बड़ी खेप सिमगा में उतारी गयी है। वहीं नगर के टीहू पारा में जुए का बड़ा फड़ संचालित होता है। पकड़े जाने के डर से ये लोग जगह बदल बदल कर उक्त धंधा को संचालित कर रहे हैं। थाना क्षेत्र में चल रहे इन अवैध कारोबार पर नव पदस्थ थाना प्रभारी अंकुश लगाने में कितना सफल होते यह तो आने वाला वक्त ही

## खबर संक्षेप

### शराब पिलाने की सुविधा देने पर दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले दो लोगों के खिलाफ सांकरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बारीकपाली में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के सामने में आम लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा दिए जाने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी नित्यानंनद साव पिता जगु लाल साव (36 साल) बारीकपाली और रामप्रसाद साव पिता बढ़ाई साव (50 साल) बारीकपाली के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### सराईपाली में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**महासमुंद।** 5 मई 2025 को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 42 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। यह डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली डॉ एचएल जांगड़े बीएमओ, डॉ वर्षा सतपथी मेडिकल ऑफिसर, शीतल सिंह बीपीएम, मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे, टेकलाल नायक आदि मौजूद रहे।

### महिला और उसके भाई से मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला ओर उसके भाई के एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।
पुलिस को प्रार्थिया ममता देवार ने बताया कि ममता देवार निवासी नयापारा सुबह 5 से 6 बजे के बीच अपने भाई देवा देवार के साथ अपने निजी काम से बाजार ओर जा रही थी, आईडीबीआई बैंक के पास पहुंचने पर आरोपी सागर देवार पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी ने उसे और उसके भाई के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## पेज 11 के शेष

### लाइम स्टोन ...

को भी गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। इस परियोजना के आसपास प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित एकल सड़क है, जो खराब स्थिति में जाने की प्रबल संभावना है। खदान की गाड़ियां लगातार इस सड़क पर सरपट दौड़ेगी। इस कारण सड़क खराब होने से आवागमन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसका प्रभाव ग्रामीणों के दैनिक जीवन में सीधा पड़ेगा। ग्रामीणों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। यह आवश्यक है कि स्थानीय समुदाय की आवाज को सुना जाए और उनके हितों की रक्षा की जाए।

उल्लेखनीय है कि इस प्रोजेक्ट के कारण ग्रामीणों में चिंता है। लाइमस्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट के संभावित प्रभावों को लेकर गांव के निवासियों में एक निरंतर भय और असुरक्षा की भावना बनी हुई है, क्योंकि उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि उनके गांव का वातावरण गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है। प्रदूषण, प्राकृतिक संसाधनों की कमी और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में सोचते हुए, ग्रामीणों का मन अशांत है और वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

### पाकिस्तानी नागरिकों ...

पाकिस्तानी नागरिक जिनके पास दीर्घकालिक वीजा है और जिन्होंने भारतीय नागरिकता प्राप्त नहीं की है, उन्हें दस्तावेजों के साथ ईएफआरआरओ पर नए सिरे से आवेदन करना होगा।

## प्राप्त शिकायतों का पुलिस तत्काल करेगी निराकरण, पाजिटिव आयेगा परिणाम

# जिले में प्रारंभ हुआ समाधान सेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



सोमवार को पुलिस कम्युनिटी हॉल में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के मुख्य अतिथ्य में माधान सेल का विधिवत उद्घाटन किया गया। प्रायः यह देखने में आता है कि आम जनता जब पुलिस से दूरी बनाकर रखती है, तब आसानुकूल पुलिस को अपराधों की रोकथाम तथा पुलिसिंग में किसी प्रकार की सफलता नहीं मिलती, परंतु जहां पर पुलिस से आम जनता घुलमिल जाती है तथा पुलिस को अपना समझने लगती है, पुलिस पर विश्वास करने लगती है, वहां अपराधियों को पकड़ने में अभूतपूर्व सफलता मिलती है तथा कानून व्यवस्था में भी आश्चर्यजनक परिणाम सामने आते हैं। उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए तथा आमजनों से सीधे मेलजोल एवं जानकारी प्राप्त कर उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण करने एवं अपराधिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने हेतु पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में माधान सेल का गठन किया गया है तथा समाधान सेल का गठन कर हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 जारी किया गया है।

उक्त हेल्पलाइन नंबर पर कोई भी फरियादी अथवा आवेदक कॉल करके अथवा व्हाट्सएप के जरिए अपना आवेदन या शिकायत या कोई भी सूचना दर्ज करा सकता है। समाधान सेल पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता की निगरानी में 24 घंटे कार्य करेगा तथा समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से किसी शिकायत या रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई कर प्रकरण का अविलंब निष्पादन किया जाएगा। समाधान सेल के माध्यम से आमजनों एवं पुलिस के मध्य सीधा संवाद संभव हो पाएगा। इसके जरिए किसी प्रकार की भी शिकायत अथवा सूचना पर त्वरित कार्रवाई होगी तथा आम जनों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। एक फोन कॉल अथवा व्हाट्सएप मैसेज के जरिए आमजनों की शिकायतों का समाधान संभव हो जाएगा। इसके साथ ही अपराधिक गतिविधियों की सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम सर्वथा गोपनीय रखा जाएगा।

उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा अपने संबोधन में कहा कि, समाधान सेल में प्राप्त सूचनाओं, शिकायतों के निराकरण के लिए एक विशेष टीम गठित रहेगी। इसमें अवैध गतिविधियों के संबंध में प्राप्त सूचनाओं पर 24 घंटे में एवं सामान्य शिकायतों के निराकरण के लिए 72 घंटे की समयसीमा निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त आमजनों से मिले प्रतिक्रिया के हिसाब से इसमें और अधिक कारगर कार्ययोजना बनाई जावेगी।

# टीपावन को नशामुक्त बनाने महिलाओं ने चलाया अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

समीपस्थ ग्राम पंचायत टीपावन में महिलाओं ने सरपंच घासिन गुलशन रजक के नेतृत्व में नशामुक्ति अभियान चलाया, जिसमें महिलाओं ने हांथों में पोस्टर लेकर लोगों नशामुक्त गांव बनाने अपील की गई। सरपंच घासिन गुलशन रजक ने बताया कि गांव को स्वच्छ बनाना है तो पहले नशापान से मुक्ति जरूरी है। उन्होंने बताया कि अगर कोई भी व्यक्ति अवैध शराब, गांजा आदि नशीली पदार्थों का विक्रय करता है तो उस पर 20 हजार दंड का प्रावधान किया गया है। गांव की दुकानों में खुला डिस्पोजल विक्रय प्रतिबंधित किया गया है, इसके अलावा चौक चौराहा, तालाब पार या सार्वजनिक जगहों पर शराब खोरी प्रतिबंधित है, ऐसा करते पाए जाने पर जुर्माना का प्रावधान है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि स्वच्छ गांव एवं स्वच्छ समाज के लिए बुराइयों का त्याग जरूरी है, इसके लिए गांव वालों का भी सहयोग जरूरी है। उन्होंने नशा के दुष्प्रभाव को बताते हुए कहा कि नशापान से अनेक घर टूट जाते हैं। आने वाली पीढ़ी इससे उबर नहीं पाती। सभ्य समाज के निर्माण के लिए नशा मुक्त गांव बनाना आवश्यक है। इस अभियान में सरपंच घासिन गुलशन रजक, उप सरपंच अंजू मारकंडे, पंच दस्मत यादव, तुलू सोनवानी सहित गांव के सभी महिला समूह सक्रिय महिला रोशन भारती गांव के सभी मुखियाओं का सहयोग रहा।

- शराब, गांजा जैसे नशीली पदार्थों की विक्रय करते पाये जाने वालों पर कार्रवाई का निर्णय

# युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु आज आयेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ब्लाक कांग्रेस कमेटी के मासिक बैठक सुनील कुर्रे अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी पलारी के अगुवाई में की गई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा जाति जनगणना को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी देने पर राहुल गांधी के संघर्ष की सराहना की गई।

राहुल गांधी का संघर्ष सफल होने पर ब्लाक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। बैठक में 6 मई को युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब आगमन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार के अध्यक्ष सुश्री सुमित्र धृतलहरे के नेतृत्व में खरतोरा नाका पर स्वागत अभिनन्दन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में खिलेंन्द्र वर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुनील कुर्रे, ब्लाक अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, पूर्व रजक बोर्ड अध्यक्ष झड़ी राम कन्नौजे, शशि कांत वर्मा, रघुनंदन वर्मा, मेघनाथ यादव, श्याम लाल पटेल, शिवराम सेन, घनश्याम वर्मा, केजराम रावत, ऋषि साहू, गिरधारी चन्द्राकार, रिंकू साहू, घनश्याम धीरहे, प्रीतम साहू, शिव धीवर, रुद्रदेव कश्यप आदि कार्य कर्ताओं के उपस्थिति में संपन्न हुई!

# 6 साल से व्यायाम शिक्षकों की भर्ती नहीं, अभ्यर्थी परेशान, भर्ती की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ ने मुख्यमंत्री विषणुदेव साय से प्रदेश के स्कूलों में व्यायाम शिक्षकों के पद पर भर्ती की मांग की है। संघ के अध्यक्ष हेमंत सार्वा ने कहा है कि प्रदेश के हाई स्कूलों में 2 हजार पद व्यायाम शिक्षकों के रिक्त हैं। इन पदों पर जल्द भर्ती की जाये। उनका ये भी कहना है पिछले 6 साल से व्यायाम शिक्षकों की शिक्षक भर्ती में एक भी पद शामिल नहीं किया गया। इससे बहुत से अभ्यर्थी बढ़ती उम्र के साथ अपात्र हो गए। इससे पात्र अभ्यर्थियों का मनोबल प्रभावित हो रहा है।

छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ के अध्यक्ष ने बताया कि नयी शिक्षा नीति 2020 के तहत केंद्र सरकार ने शारीरिक शिक्षा- व्यायाम को एक विषय के रूप में शामिल है। साथ ही स्कूलों में व्यायाम शिक्षकों को अनिवार्य किया है, व्यायाम शिक्षकों की कमी से छत्तीसगढ़ में खिलाड़ियों में खेलों का स्तर प्रभावित हुआ है। ऐसे में व्यायाम शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती की जाये।

विदित हो कि हाल ही में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया। डॉ. रमन सिंह ने संघ की बातों को जायज बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर व्यायाम शिक्षकों की भर्ती को अनिवार्य करने को कहा।

# फिल्मकार एवं लेखक एस अंशु को मिला विशेष प्रतिभा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 79वें महाधिवेशन पर युवा फिल्म निर्देशक एवं लेखक एस अंशु धुरंधर को फिल्म निर्माण के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए विशेष प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायपुर में आयोजित समारोह में मंत्री टंकराम वर्मा, छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप, महामंत्री यशवंत वर्मा व रायपुर राज के राजप्रधान जगेश्वर वर्मा द्वारा प्रदान किया गया।

एस अंशु अब तक पांच फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं, जिनमें कुंग फू चाइल्ड द अल्टीमेट कुंग फू चाइल्ड, महानीति, कर्तव्य की ओर व वर्ष 2025 में निर्मित छत्तीसगढ़ के भीम चिंताराम शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के भीम चिंताराम एक प्रसिद्ध समाजसेवी और पहलवान की जीवनी पर आधारित डॉक्युमेंट्री है, जिसे व्यापक चर्चा प्राप्त हुई थी एवं यह राल्फ फिल्म फेस्टिवल भी चयनित हुई। एस अंशु ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 17 वर्ष की आयु में की थी। फिल्म निर्माण के साथ–साथ वे लेखन के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। अब तक उनकी चार पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें अधिनायक, सरस्वती, चिंताराम तथा बाल क्रांतिकारी शामिल हैं। धुरंधर वर्तमान में तीन नई डॉक्युमेंट्री फिल्मों पर कार्य कर रहे हैं। साथ ही युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और अवसाद से बाहर निकालने हेतु दो पुस्तकों की रचना पर भी कार्य कर रहे हैं।

# मौसम में बदलाव के साथ तापमान में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



अप्रैल के अंतिम व मई के शुरूआत में मौसम में हुए बदलाव से गर्मी से राहत मिली। शनिवार को शाम को रूक-रूककर देर रात तक बारिश होती रही। वहीं रविवार को सुबह से बादल छाए रहे। दोपहर में तपन का अहसास कम हुआ। शाम को मौसम खुशनुमा रहा। मौसम में बदलाव के कारण तापमान में 5 से 6 डिग्री गिरावट दर्ज की गई।

एक साथ दो सिस्टम सक्रिय होने से जिले में पिछले सप्ताह भर से मौसम बदला हुआ है। शुक्रवार को भी सुबह तेज बारिश हुई। इसके बाद दोपहर में धूप का नजारा रहा। इसके बाद दूसरे दिन शनिवार को भी मौसम कुछ ऐसा ही रहा। सुबह 10 बजे से लोग गर्मी से परेशान रहे। इसके बाद दोपहर 2 बजे जिले का तापमान 41 डिग्री पर पहुंच गया। दोपहर में सड़क में सन्नाटा पसर गया। 4 बजे मौसम ने अचानक करवट बदल ली। फिर काले बादल छा गए। तेज आंधी का दौर चला। फिर घंटे भर तक तेज बारिश हुई। इसके बाद बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया। इसके बाद रविवार को सुबह से ही बादल छाए रहे।

- 5 से 6 डिग्री गिरा तापमान, भीषण गर्मी से राहत

# अंधड़ और बारिश के चलते फसल और सब्जियों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में पश्चिमी की वजह से अंधड़ और बारिश के चलते धान, मूंग और सब्जी का फसल लगाने वाले किसानों को नुकसान हुआ है। मौसम की वजह से होने वाले नुकसान का आकलन तत्काल कराने का नियम है। प्रदेश में पूरा शासकीय अमला सुशासन तिहार में लगे होने के कारण नुकसान का आकलन नहीं होने से किसानों में मायूसी छायी है। 5 से 31 मई तक सुशासन तिहार का समाधान शिविर को देखते हुए सभी जिलों में शासकीय अमला तैयारी में जुटा है। बताया जाता है कि कृषि और राजस्व विभाग के द्वारा आकलन कर इसका अनुमान लगाया जाता है। कई जिलों में गर्मी के धान की फसल ली जा रही है। अंधड1 के चलते धानी की बाली टूटने से किसानों को भारी नुकसान होने का अनुमान है। वहीं तेज बारिश की वजह से मूंग के फसल को काफ‍ नुकसान पहुंचा है। गर्मी में सब्जियों के फसल लेने वालो किसानों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

फसलों का बीमा कराने वाले किसानों को नुकसान के संबंध में दो दिनों में सूचना देने पर ही इसका प्रकरण तैयार होता है, लेकिन नजरी आकलन न होने के कारण इमें भी दिक्कत हो रही है।

# अब बनियातोरा के ग्रामीणों को गांव में मिलेगा राशन

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा सीमा लगे ग्राम पंचायत परकोम में उचित मूल्य की दुकान संचालित है। इस पंचायत के आश्रित ग्राम बनियातोरा सम्मिलत है। इस ग्राम के लोगों को राशन लेने 6 से 7 किलोमीटर दूरी तय कर जाना पड़ता है और तो और ग्राम बनियातोरावासी बरसात के दिनों में कीचड़ भरी कच्ची सड़क जो कन्हार मिट्टीयुक्त है। यदि बारिश हुई तो पैदल चलना मुश्किल है। लोगों को भारी परेशानियों का सामना कर जाना पड़ता है। चूंकि, इस गांव के लिए बहुत परेशानी कई सरकार आए और चले गए, लेकिन सिर्फ आश्वसन ही मिला। आज भी इस गांव के लोग पक्की सड़क के लिए तरस रहे है। इस पंचायत के नवीन सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल ने बताया कि इस गांव के 160 राशन कार्डधारियों को अब हर माह ट्रैक्टर से राशन ले जाकर गांव में इसी माह से राशन वितरण की शुरूआत की गई। उन्होंने बताया कि वहां के हितग्राहियों को राशन लेने ग्राम पंचायत परकोम जाना पड़ता था। बरसात के दिनों में लाने ले जाने में भारी परेशानी होती है। इसे देखते हुए गांव में राशन बांटने का निर्णय लिया गया। इससे से ग्रामीण अति उत्साहित है। ग्रामीणों ने सरपंच का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जनपद सदस्य लोचन पटेल, सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल, उपसरपंच खिलावन इत्यादि उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar


अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# श्रद्धासुमन - स्मृतिशेष

## 100 वें जन्मदिवस 06 मई 2025

छत्तीसगढ़ की राजनीतिक, सामाजिक और न्यायिक चेतना के पथप्रदर्शक रहे पंडित बंशराज तिवारी न केवल एक कुशल अधिवक्ता थे, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजसेवी और जननेता के रूप में जनमानस के हृदय में आज भी जीवित हैं। उनका जीवन उन दुर्लभ व्यक्तित्वों में से था, जिन्होंने सिद्धांतों की राजनीति की, निष्ठा से समाज सेवा की और अपने समर्पण से क्षेत्र के विकास की एक अमिट छाप छोड़ी।



**पूज्य बाबू जी**

*आपके कर्म हमारी प्रेरणा हैं...*
*आपके विचार हमारे पथ प्रदर्शक हैं...*
*आपकी स्मृतियां ही हमारा संबल...*

## स्व. पं. बंशराज तिवारी जी

विधायक बलौदाबाजार (1977-80)

जन्म : 06 मई 1925 | अवसान : 09 फरवरी 2006

**श्रद्धावनत् :** अशोक तिवारी, डॉ. प्रमोद तिवारी, विनोद तिवारी, विपिन तिवारी, विष्णु प्रसन्न तिवारी, डॉ. अरविंद-डॉ. आशा द्विवेदी, विवेक आनंद, अभिषेक, दुष्यंत, डॉ. नितिन, प्रत्यूश, प्रांजल, अमृतांश एवं समस्त तिवारी परिवार बलौदाबाजार



**टीप :**

बाबू जी की जन्मजयंती पर 19 वां निःशुल्क रोग परीक्षण एवं निदान शिविर 6 मई 2025 मंगलवार प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक

स्थान - CDTH चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल सिटी कोतवाली के सामने बलौदाबाजार छ. ग.
संपर्क - 9111705555

संकलनकर्ता : दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो प्रमुख जिला बलौदाबाजार - भाटापारा, मोबाइल 99262 04007

खबर संक्षेप

## समस्याओं के समाधान में देरी, जनता में असंतोष



**लवन।** छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत जनसमस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आयोजित शिविरों पर सवाल उठने लगे हैं। पूर्व पार्षद एवं कांग्रेस कार्यकर्ता अजय ताम्रकार ने आरोप लगाया है कि इन शिविरों में समय पर समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है, जिससे जनता में आक्रोश व्याप्त है। अजय ताम्रकार ने बताया कि 8 अप्रैल को एक आवेदन दिया था, जिसमें साहू समाज धर्मशाला से लेकर बाजार चौक तक की नाली जाम होने, गंदगी और अतिक्रमण की समस्या का उल्लेख किया गया था। इसके बावजूद, अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त, 11 अप्रैल को उन्होंने नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में जुआ, सट्टा, अवैध शराब और गांजा बिक्री की शिकायत की थी, लेकिन इस पर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ताम्रकार ने कहा कि सुशासन तिहार केवल नाम का कार्यक्रम बनकर रह गया है और वास्तविक समस्याओं का समाधान सही समय पर नहीं हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जनसमस्याओं का समय पर निराकरण किया जाए, ताकि जनता का विश्वास बना रहे।

## युवक से मारपीट

**महासमुंद।** दोस्त की बारात में शामिल होने ग्राम कापूकुंडा गए एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रार्थी करन निषाद निवासी सुंदर नगर बलौदा ने बतायाकि 4 मई को वह अपने दोस्त सुरेंद्र विशाल की बारात में शरीक होने रात्रि में ग्राम कापूकुंडा गया था, उसी रात्रि 5 मई को करीबन 12.30 बजे मेन रोड ग्राम कापूकुंडा में खड़ा था तभी आरोपी धनुर्जय बरिहा आया और गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बलौदा थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## वेल्डिंग दुकान में चोरी

**महासमुंद।** शहर के तुमगांव रोड के समीप ईदगाह भांठा स्थित वेल्डिंग दुकान से तांबे का तार चोरी हो गया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी कौशल चंद्राकर पिता बद्रीनाथ चंद्राकर निवासी कौंदकेरा का तुमगांव रोड ईदगाह भाठा के पास में चंद्राकर मोटर वेल्डिंग दुकान है। बीते 23 जनवरी की रात अज्ञात चोर ने उसके दुकान के शटर में लगे ताला को तोड़कर पुराना तांबा तार कीमत करीबन 5000 रुपए को चोरी कर लिया।

### विभिन्न योजना के 371 हितग्राहियों को सामग्री और प्रमाण पत्र वितरण किया गया

# सुशासन तिहार : शिविर में मिले 20 हजार आवेदनों का निराकरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत तीसरे चरण के तहत जिले में 5 मई को लोक समाधान शिविर का शुभारम्भ हुआ। पहले दिन जिले के पांचों विकासखंड के एक–एक ग्राम पंचायत क्लास्टर एवं 4 नगरीय निकायों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति से आवेदकों को अवगत कराया गया। आज के शिविर में कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या 20866 जिसमें मांग 20041 एवं शिकायत सम्बधित आवेदन की संख्या 363 है। इस दौरान विभिन्न योजना के 371 हितग्राहियों को सामग्री वितरण एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे पलारी जनपद के कुसमी में आयोजित समाधान शिविर का अवलोकन किया। वहीं भाटापारा विकासखंड के ग्राम पंचायत देवरी शिविर में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर संभागायुक्त कावरे ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के तीसरे चरण अंतर्गत आज से समाधान शिविर का आयोजन शुरू हुआ है, जिसमें प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा दी जा रही है। इसके साथ ही विभाग में संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है। पात्रता अनुसार हितग्राहियों को योजना से लाभन्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य प्रशासन की पहुंच आमजन तक हो तथा योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मांग से सबंधित आवेदनों का निराकरण यथासंभव मांग की पूर्ति होने पर विभाग द्वारा किया जाए तथा शिकायतों का निराकरण गंभीरतापूर्वक जांच पड़ताल के पश्चात कार्यवाही करें। उन्होंने मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत नलकूपों के पास सोखता गड्ढा निर्माण, सफाई अभियान, वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण की सराहना करते हुए पानी बचाने के लिए सबकी सहभागीता पर जोर दिया। देवरी शिविर में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत तीसरे चरण की शुरुआत आज से हो रही है, जिसमें समाधान शिविर आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में आवेदकों को उनके आवेदन के निराकरण की जानकारी देने के साथ योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। ऐसे शिविरों से जनता को लाभ लेना चाहिए।

कलेक्टर दीपक सोनी ने सुशासन तिहार की जानकारी देते हुए कहा कि जिलेवासी हर्षोल्लास के साथ सुशासन तिहार मना रहे हैं। हमारा जिला प्रदेश में सर्वाधिक संख्या में आवेदन प्राप्त करने में दूसरा स्थान पर है जो यह दिखाता है कि इस जिले के निवासी कितना जागरूक हैं। उन्होंने मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत जल संचयन के काम में सबकी सहभागिता सूनिश्चित करने कहा। उन्होंने पंचायतों में विकास कार्य के साथ साथ सप्तरंगी सूत्र के अनुसार सभी मानकों में खरा उतरने कहा।




### स्टॉल अवलोकन एवं सामग्री वितरण

इस दौरान संभागायुक्त सहित कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर में आने वाले ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने तथा लाभान्वित करने भी कहा। स्वास्थ्य शिविर में ओआरएस घोल की व्यवस्था एवं लोगों का स्वास्थ्य जांच करने कहा गया। इस दौरान मत्स्य विभाग से 7, राशन कार्ड 33, जॉब कार्ड 20, प्रधानमंत्री आवास योजना 21, आयुष्मान कार्ड आयुष्मान वय वंदना योजना अंतर्गत लाभान्वित 20, लखपति दीदी अंतर्गत लाभान्वित 15, पीएम किसान सम्मान निधि 20, छ.ग कृषक उन्नति योजना 7, स्वायईल हेल्थ कार्ड 5, ऋण पुस्तिका 4, बीज वितरण 6, खेल सामग्री वितरण 13, गोदभराई रस्म 10 एवं 10 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष भाटापारा सरिता आनंद, जनपद अध्यक्ष पलारी सविता यादव, जनपद सदस्य नरेश साहु एवं अन्य जनप्रतिनिधि एसडीएम, जनपद सीईओ सहित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### राजस्व मंत्री टंकराम ने किया एसडीएम लिंक कोर्ट का लोकार्पण

भटगांव। सुशासन तिहार में मांग पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़ का नगर पंचायत भटगांव में राजस्व एवं खेलकूद मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में लिंक कोर्ट भटगांव-सरसीवा का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक बिलाईगढ़ कविता लहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, जिला पंचायत सदस्यगण, ज्योति पटेल, सुभाष जालान, मनोज जायसवाल, अनुपमा केशरवानी कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय, एसडीएम बिलाईगढ़ वर्षा बंसल आदि उपस्थित थे।




## समाज आज मनायेगा सेन महाराज की जयंती



**पलारी।** नगर के गायत्री मंदिर परिसर में सेन समाज द्वारा सेन महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप साहू विधायक कसडोल, मोना सेन अध्यक्ष केश शिल्प बोर्ड, गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी होंगे। कार्यक्रम में नव दुर्गा बालिका मानस परिवार सलौनी की प्रस्तुति होगी। सेन महाराज की पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा निकालकर नगर भ्रमण कर महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी सेन जयंती ग्रुप ब्लाक पलारी के सदस्य जितू सेन ने दी।

## व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर में शामिल हुईं जिपं अध्यक्ष अकांक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गायत्री मंदिर परिसर में युवा प्रकोष्ठ, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अकांक्षा गोलू जायसवाल उपस्थित रहीं। उनके साथ जनपद पंचायत बलौदाबाजार की उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा भी मंचासीन रहीं।

समापन अवसर पर आयोजक समिति द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ, श्रीफल, गमछा एवं चरित्र निर्माण पुस्तक भेंट कर स्वागत किया गया। पांच दिवसीय इस शिविर में युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु विविध नैतिक एवं व्यक्तित्व निर्माण संबंधी सत्र आयोजित किए गए। इनमें प्रमुख रूप से तनाव प्रबंधन, सदैव प्रसन्न रहने की विधियां, ब्रह्मचर्य पालन के नियम तथा स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए श्रीमती जायसवाल ने कहा, युवाओं के लिए इस प्रकार के आयोजनों से उन्हें दिव्य प्रेरणा मिलती है, जो उनके जीवन के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, आपका भविष्य आपके अपने हाथों में है। यदि आप अपने गुरुजनों द्वारा बताए गए मार्ग पर चलेंगे और उन आदर्शों को जीवन में अपनाएंगे, तो निश्चित रूप से अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

## पानी बचाने सरपंच ने ग्रामीणों को दिलायी शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



ग्राम पंचायत खपरी भ सरपंच दिनेश कुमार मारकंडे ने राष्ट्रीय जल मिशन योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा हम सभी को आवश्यकता पानी का उपयोग करना चाहिए, जल स्तर कम न हो जिससे हमें आने वाला कल लाभदायक होगा, जिससे हमारे परिवार एवं बच्चे सुरक्षित रहेंगे। इसलिए हमें आवश्यकता अनुसार ही पानी का उपयोग करना चाहिए, व्यर्थ नहीं करना चाहिए। सरपंच ने शपथ भी दिलाई- मैं जल का समुचित उपयोग करूंगा तथा पानी की हर एक बूंद का चयन करूंगा और कैच द रेन अभियान को बढ़ावा देने में पूरा सहयोग करूंगा, पानी बचाने का वचन देता हूं कि शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपसरपंच हितेंद्र कोसले, राजकुमार बघेल, समारु राम कोसले, ईश्वर चेलक, सतीश ढीढी, मुकेश ढीढी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## योगेश बने धीवर समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ धीवर समाज महासभा के युवा प्रकोष्ठ में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। योगेश धीवर गोड़ा निवासी को युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति पुरुषोत्तम धीवर, प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ की अनुशंसा पर की गई। समाजहित में निरंतर सक्रिय रहने वाले योगेश धीवर की सेवाओं को सराहते हुए यह निर्णय लिया गया है। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश धीवर ने सभी वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पद उनके लिए गर्व की बात है। साथ ही समाज के प्रति जिम्मेदारी को और अधिक



गंभीरता से निभाने का अवसर भी। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को जोड़ने, उनकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और शिक्षा, रोजगार व सामाजिक समरसता के क्षेत्रों में ठोस कार्य योजना बनाकर कार्य करना उनकी प्राथमिकता होगी। योगेश धीवर की इस नियुक्ति पर धीवर समाज के विभिन्न पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर सुरेश कुमार धीवर, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ धीवर महासभा रायपुर, रामलाल पेंडरिया, महासचिव, पवन कुमार धीवर, कोषाध्यक्ष, जगन्नाथ सरपार, पूर्व अध्यक्ष, मोतीराम फेकर, अध्यक्ष लवनराज पलारी और दिनेश धीवर, सचिव लवन परगना पलारी सहित अनेक समाजसेवियों ने शुभकामनाएं दीं। सभी ने आशा व्यक्त की कि योगेश धीवर अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे तथा समाज को नई दिशा देंगे। समाज के युवाओं में उनके प्रति उत्साह देखा जा रहा है।




## पेयजल पाइप लाइन विस्तारीकरण के लिए पार्षद ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



नगर पंचायत के अंतर्गत वार्ड 4 में वार्डवासियों की समस्या को देखते हुए पेयजल व्यवस्था के लिए साप्ताहिक बाजार एवं स्टेट बैंक तक पेयजल पाइप लाइन का विस्तारीकरण कार्य का भूमि पूजन वार्ड पार्षद प्रकाश ताम्रकार ने किया। पार्षद प्रकाश ताम्रकार ने कहा कि वार्ड में निरंतर मांग को ध्यान में रखकर नगर में चहुंमुखी विकास किया जाता रहेगा। नगर की सेवा में हमेशा तत्पर रहूंगा और विकास के तहत रचनात्मक कार्य किए जायेंगे। उक्त निर्माण कार्य की वार्डवासियों ने सराहना की, जिससे वार्ड वासियों को मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना से लिंक कर नल कनेक्शनों के माध्यम से नियमित जल प्रदाय किया जाएगा। कार्यक्रम में पार्षद सहित वार्ड के राजकुमार साहू, महेश धीवर, ठेकेदार सहित वार्डवासी, नागरिक उपस्थित थे।

